सार-समाचार

## शोध पत्रिका के विशेष अंक का प्रकाशन



**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा प्रकाशित "पेसिफिक जरनल ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइन्सेस" के कोविड-19 विषय पर आधारित विशेष अंक का प्रकाशन किया गया। प्रधान संपादक डॉ.एस.के.वर्मा तथा संपादक रवीन्द्र बांगड ने इस विशेषांक की एक प्रति संस्थान के चेयरमेन राहुल अग्रवाल तथा सीईओ शरद कोठारी को औपचारिक रुप से रिलीज़ करने हेतु भेंट की।इस अवसर पर राहुल अग्रवाल ने बताया कि यह त्रैमासिक शोध पत्रिका पिछले 4 वर्षों से निरन्तर प्रकाशित हो रही है और देश के सभी प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज के पुस्तकालयों में निःशुल्क भेजी जाती है। मुख्य सम्पादक डॉ.एस.के.वर्मा ने बताया कि अब तक के प्रकाशित अंकों में न केवल पेसिफिक मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों से वरन अमेरिका, नेपाल, मुम्बई तथा दूसरे कॉलेजों से भी प्रकाशन के लिए विभिन्न विषयों पर शोध लेख प्राप्त हुए है जो संपादक रवीन्द्र बांगड तथा संपादक मंडल के अन्य सदस्यों के अथक प्रयासों का परिणाम है। इस विशेषांक की चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि इसमें प्रकाशित कोरोना विषयांन्तर्गत लेखों का अभूतपूर्व समन्वय है जो प्रायः कम ही देखने व पढने को मिलता है।

## विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण कराया

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ विवि के विज्ञान संकाय के एम.एस.सी. विद्यार्थियों को बुधवार को डबोक स्थित उदयपुर सीमेंट वर्क्स लिमिटेड कम्पनी के औद्योगिक भ्रमण के दल को रवाना करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि इंडस्ट्रियल विजिट विद्यार्थियों के क्रियात्मक पक्ष को मजबूती करने के साथ साथ उनमें आत्म विश्वास भी बढ़ता है। इंडस्ट्री के मनीष कुमार समदानी ने विद्यार्थियों को प्लांट प्रोसेज, गुणवत्ता नियंत्रण की जानकारी दी और इस कार्य में किन किन कठिनाईयों का सामना करना पडता है के बारे में भी बताया। कंपनी के एचआर हेड आशीष शर्मा ने विद्यार्थियों को रिक्रूटमेंट और ग्रीवेंस जैसे पहलुओं से अवगत कराया। इस दौरान निदेशक डॉ सपना श्रीमाली, विभागाध्यक्ष डॉ मंगलश्री दुलावत , डॉ दीप्ति सोनी, सिद्धिमा शर्मा, दिव्यांशु कुमावत मौजूद रहे।

## नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बेटी के साथ उसके ही सगे पिता ने दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। वारदात के बाद से आरोपी पिता फरार है। नाबालिग लडकी ने अपनी मां को पिता की हरकत के बारे में बताया तो मां बेटी को लेकर थाने पहुंची और पति के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है। थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि उसका पति गुजरात में मजदूरी करता है, जहां पर उसने एक दूसरी महिला को भी पत्नी की तरह साथ में रखा है। उसकी 17 साल की नाबालिग बेटी गांव में उसके साथ रहती है। 29 मई को उसका पति गांव में एक शादी समारोह में आया था। इस दौरान आरोपी पिता और बेटी शादी में जाने के लिए निकले। रास्ते में सुनसान जगह पर आरोपी पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। इसके बाद उसकी नाबालिग बेटी घर आई और पिता की हरकतों के बारे में बताया। पहले तो वह बदनामी के डर से चुप रही है, लेकिन अब हिम्मत करके रिपोर्ट देने आई है। थानाधिकारी ने बताया कि महिला की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सघन वृक्षारोपण किया

**मंडफिया, (निसं)।** सांवलिया )के मोक्षधाम (श्मशान)भूमि परिसर में सघन वृक्षारोपण किया गया। वरिष्ठ नागरिक मंच के संयोजक एवं व्यवस्थापक गोकुल लाल बागोरिया ने मोक्ष धाम विकास एवं सौंदर्य करण के तहत श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी नंदलाल टेलर की अगुवाई में एवं मोतीलाल डांगी (बागवान )के निर्देशन में मोक्ष धाम में 300 फीट लंबी सीसी रोड के दोनों तरफ बादाम, केशिया सामा ,गुलमोर, कचनार ,रायण एवं अन्य 8 से 10 फीट की लंबाई के 80 पेड़ लगाए गए। प्रत्येक पौधे तक पानी पहुंचाने के लिए 300 फीट तक पाइप लाइन बिछाकर पांच जगह पर वाल्व लगाए। इस बगीचे में एक सौ पेड़ पहले से ही लगे हुए हैं। वृक्षारोपण में चतुर्भुज गुर्जर, बंसी लाल गुर्जर, बंटी त्रिपाठी, सत्यनारायण माली, राजू गाडरी, भेरु गाडरी, रोशन गुजराती एवं राजू डांगी ने सहयोग प्रदान किया। अंत में गोकुल बागोरिया ने पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पेड़ों पर 5 परिंडे बांध कर पानी की व्यवस्था की।

## शोक संप्तत परिवार को दी सांत्वना

डूंगरपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी के बुधवार को एक दिवसीय दौरे के तहत पार्टी कार्यक्रमो से निवृत होकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष केवलजी नागदा के न्यू कॉलोनी स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। जहां उन्होने उनके पुत्र एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश नागदा की धर्मपत्नी टूना देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए नागदा को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होने नागदा की भाजपा के प्रति समर्पण भाव की सराहना की। इस दौरान उनके साथ विधायक खेमराज मीणा, कमलेश पुरोहित, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिलाध्यक्ष प्रभु पण्डया भी मौजूद थे।

# शिक्षकों ने बीएलओ प्रशिक्षण कार्य का किया बहिष्कार

**राजसमंद, (निसं)।** शिक्षक बीएलओ संघर्ष समिति के आव्हान पर किये जा रहे गैर शैक्षणिक कार्यो के विरोध में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के सानिध्य में बीएलओ प्रशिक्षण एवं बीएलओ कार्य का बहिष्कार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा।

राजसमंद पंचायत समिति मुख्यालय में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण सभागार के बाहर शिक्षक बीएलओ एवं सुपरवाइजरर्स ने प्रशिक्षण का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा विधानसभा क्षेत्र राजसमंद में सभी शिक्षकों ने बीएलओ कार्य का बहिष्कार निरंतर जारी रखा। शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश प्रतिनिधि सतीश आचार्य ने गैर शैक्षणिक कार्य के विरोध में एकजुट होकर संघर्ष करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि बीएलओ जैसे कार्य से विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था निरंतर बिगडती जा रही है।राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व जिला मंत्री राजेंद्र सिंह चारण ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि छात्रों के हित में शिक्षक वर्ग आंदोलनरत है। शिक्षक को मूल कार्य से भटकाया जा रहा है जिससे विद्यालयों




राजसमंद में शिक्षकों ने बीएलओ प्रशिक्षण का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया।

का परीक्षा परिणाम निरंतर गिरता जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण इस सत्र का परीक्षा परिणाम है। इसके लिए शिक्षकों को ही दोषी ठहराया जा रहा है जो कि अनुचित है। संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक मुकेश शर्मा ने आंदोलन जारी रखने का आव्हान किया। जिले के सभी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। पूर्व जिला मंत्री शिक्षक संघ राष्ट्रीय महेंद्र सिंह राव ने मीडिया एवं शिक्षक साथियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष से निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदाता अपडेशन का कार्य 1 वर्ष में चार बार क्रमशः 1 जनवरी, 1 अप्रैल 1, जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 17 और 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले नवीन मतदाताओं को जोडने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। यह कार्य एक माह तकचलता है 1 वर्ष में 1 शिक्षक 4 माह तक बीएलओ का गैर शैक्षणिक कार्य करेगा तो शिक्षक अपने मूल दायित्व से भटक जाएंगे। जिससे विद्यार्थियों का नुकसान हो रहा है। बहिष्कार में उपस्थित शिक्षकों ने निरंतर बहिष्कार का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनोद आचार्य, किशन खत्री, घनश्याम खत्री,शारीरिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पूरन दाधीच आदि उपस्थित थे।

## हल्दीघाटी के मूल स्वरूप को बचाने की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष से जुड़ी भारत की थर्मोपल्ली कही जाने वाली रण स्थली हल्दीघाटी के मूल स्वरूप (सामरिक-ऐतिहासिक-पुरातात्विक ) को मेघा हाईवे के निर्माण से बचाने की मांग की। प्रताप शोध संस्थान एवम ग्लोबल हिस्ट्री फोरम के संयुक्त तत्वावधान में सभा शिरोमणि सभागार, बीएन परिसर में हल्दीघाटी के मूल स्वरूप को संरक्षित रखने के लिए (मेघा हाईवे के अतिक्रमण) इतिहासकारों, शिक्षाविद व प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक हुई। ग्लोबल हिस्ट्री फोरम के संस्थापक महासचिव , डॉ अजात शत्रु शिवरती ने बताया कि सर्वप्रथम प्रताप शोध संस्थान के सचिव दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि हल्दीघाटी स्थल से मेघा हाईवे निकलने कि योजना सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही है, जिससे महाराणा प्रताप के स्वाधीनता संघर्ष, देश की अस्मिता को चुनौती दी जा रही है।

# किसान सम्मान निधि समारोह लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

**भीम/राजसमंद, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत किसान सम्मान निधि समारोह लाभार्थी सम्मेलन भीम विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष खीमराज चौधरी, प्रदेश संयोजक रानू पाराशर, जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ, पूर्व विधायक हरिसिंह रावत किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृषक सम्राट मोतीसिंह सेलमा, भीम प्रधान बीरम सिंह, भीम मंडल अध्यक्ष नारायणसिंह , कुकरखेड़ा मंडल अध्यक्ष राम सिंह गहलोत दिवेर मंडल अध्यक्ष चंद्रसिंह आदि मंचासीन अतिथियों के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दिया कुमारी ने कहा कि केंद्र सरकार के 9 साल बेमिसाल एवं केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में



किसान सम्मान निधि समारोह लाभार्थी सम्मेलन को सांसद दिया कुमारी ने संबोधित किया।

जानकारी देते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के अनुदान की राशि सीधे खाते में आ रही है, उज्जवला गैस योजना के तहत केंद्र सरकार ने निशुल्क कनेक्शन देकर गरीब के घर चुल्हे से धुआं से राहत प्रदान की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ठाामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पक्के मकानों सहित घर घर में नल योजनाएं लागू की है। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन के दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष द्वारा लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह पंचवटी ने किया।

# छोटे अनाजों को प्रतिदिन के भोजन में शामिल करने पर किया मंथन

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर कृषि विश्वविद्यालय तथा वाग्धारा संस्था और भूमि-का के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में छोटे अनाज को बढ़ावा देने तथा छोटे अनाज को सामान्य जन की भोजन थाली का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में देशभर से 8 राज्यों के विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पहले व्यक्ति खाने को देख कर, सूंघ कर और फिर स्वाद ले कर खाते थे मगर अब वे मस्तिष्क के हिसाब से खाना खाते हैं ये देख कर कि क्या उनके भोजन में शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्व हैं या नहीं. इस अवसर पर उन्होंने आगे कहा कि छोटे अनाज को भोजन में शामिल करना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए बहुत ज़रूरी है जिससे वह लम्बी आयु का आनंद ले सकते है।




विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर कृषि विवि तथा वाग्धारा संस्थान और भूमि-का के संयुक्त तत्वाधान में संवाद का आयोजन किया गया।

डॉ सुदीप शर्मा द्वारा कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के पश्चात वाग्धारा संस्था के सचिव जयेश जोशी ने अपने कहा कि लम्बे अरसे से किसानों तथा समुदाय के किये काम को एक वैज्ञानिक आधार की आवश्यकता है जो कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से मिल सकता है जिससे कार्य का महत्त्व बढ़ जाता है। ये संवाद विस्तार और अनुसंधान की कड़ी का एक हिस्सा है। उन्होंने इस प्रकार के संवाद नियमित चलते रहने पर बल दिया।

## ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुसार प्रदेशभर में जारी महंगाई राहत कैंप और प्रशासन गांवों के संग अभियान में हर वर्ग को राहत के साथ सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल रहा है। ग्रामीण उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लेकर लाभान्वित होते हुए सरकार व मुख्यमंत्री का आभार जता रहे है।

जिले की कुराबड़ पंचायत समिति की बोरी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित महंगा राहत कैंप में खासा उत्साह देखा गया। इस शिविर में राहत पाने उमडी लोगों की भीड़ में समाजसेवी नवल सिंह चुंडावत ने आज दिनभर कैंप स्थल पर स्वैच्छिक सेवाएं देते हुए लोगों को विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण में मदद की और खुद अपने हाथों से गारंटी कार्ड सौंप कर राज्य सरकार की इस सौगात के लिए बधा दी। उन्होंने ग्रामीणों को इस अभियान की जानकारी दी।

## लघु वेदी प्रतिष्ठा का शुभारंभ

**बांसवाड़ा, (निसं)।** महालक्ष्मी चौक स्थित श्री वासुपूज्य दशा नरसिहपुरा दिगम्बर जैन मन्दिर में लघु वेदी प्रतिष्ठा का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम सभी इन्द्रों ने भगवान की शांतिधारा, 108 स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया तथा स्वर्ण पात्र से भगवान का पूजन किया। स्वर्ण पात्र पूजन के लाभार्थी परिवार सिंघवी मनोज कुमार रहे। इसके बाद सौधर्म इन्द्र, कुबेर इन्द्र, ईशान इन्द्र, महेन्द्र इन्द्र, यज्ञनायक तथा 21 सामान्य इन्द्र की उपस्तिथि में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें समाजजन सम्मिलित हुए। कलशों के जल से भगवान भरत तथा बाहुबली की वेदी का शुद्धिकरण भैया नीरज जैन के सानिध्य में किया गया। इसके साथ ही जप अनुष्ठान का शुभारम्भ भी किया गया जिसमें कई भक्तो ने मंत्रोच्चार किया। समाज प्रवक्ता शैलेश वोरा ने बताया कि गुरूवार प्रातः 6.3० बजे से मंदिर में कार्यत्रम प्रारंभ होंगे जिसमें याग मण्डल विधान, हवन पूणार्हुति, कलश स्थापना तथा प्रसादी वितरण का कार्यत्रम होगा। प्रसादी के लाभार्थी परिवार किकावत महेन्द्र कुमार छगनलाल, जन्मेश, प्रतिक परिवार है। समाज अध्यक्ष बादामीलाल वोरा ने बताया कि समाज के भंवरलाल तलाटी, मालवीया अशोक कुमार, चरित्र जैन, रूपेश वोरा, धनपाल वोरा आदि सदस्यो ने कार्यक्रम को रोचक बनाया।

# जीर्णोद्धार व विकास कार्यों का लिया जायजा

**उदयपुर, (कासं)।** सूचना केन्द्र में आने वाले पाठकों और प्रबुद्धजनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा से यूआईटी व भामाशाहों के सहयोग से हो रहे सूचना केन्द्र के जीर्णोद्धार व विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने सूचना केन्द्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर मीणा ने सूचना केन्द्र परिसर में नगर विकास प्रन्यास की ओर से जारी रंगमंच जीर्णोद्धार और अन्य प्रगतिरत कार्यों का जायजा लिया। प्रन्यास के अधिकारियों को वहीं फोन कर जारी कार्य को गति प्रदान करते हुए वर्षाकाल से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलक्टर ने हाल ही में चौकसी ग्रुप द्वारा रिनोवेटेड वाचनालय का भी निरीक्षण किया। कलक्टर ने सूचना केन्द्र की लाईब्रेरी को स्मार्ट लाईब्रेरी के रूप में विकसित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और कहा कि जल्द ही शहर को यह सौगात भी मिलेगी। इसके साथ ही यहां एसी सुविधायुक्त सभागार में भी शीघ्र कुर्सियों व साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी।इस दौरान कलक्टर ने सूचना केन्द्र से प्रस्थान से पूर्व मोहता पार्क में नगर निगम द्वारा तैयार किए जा



जिला कलेक्टर ने सूचना केन्द्र के जीर्णोद्धार व विकास कार्यों का अवलोकन किया।

रहे मियावाकी तकनीक से तैयार किए जा रहे उद्यान विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह उद्यान तैयार होने के बाद शहर में गुलाबबाग सरीखा एक और सघन उद्यान तैयार हो सकेगा। इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा ने प्रगतिरत कार्यों एवं संचालित गतिविधियों के बारे में कलक्टर को अवगत कराया।

# साल भर से अटकी राशन सामग्री हाथों-हाथ मिली

**उदयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान एवं राहत प्रदान करने के जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित त्रिस्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम के अन्तर्गत में हर जरूरतमन्द व्यक्ति को राहत मिल रही है।

त्रिस्तरीय जन सुनवाई के तहत गोगुंदा उपखण्ड मुख्यालय पर आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में भी एक बेवा को इसी प्रकार का सुकून मिला। जनसुनवाई दौरान एक वृद्ध विधवा बसन्ती बाई पति स्व.प्यार चन्द पहुंची। महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद विगत लम्बे समय से उचित मूल्य की दुकान से खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत अन्त्योदय श्रेणी चयनित होने के उपरान्त भी फिंगर प्रिन्ट नहीं आने से बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होने से राशन सामग्री नहीं मिल रही है। इस वजह से सरकार से मिलने वाली राशन सामग्री से वंचित होना पड़ रहा है।

शिकायत मिलते ही जनसुनवाई प्रभारी उपखण्ड अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ द्वारा महिला एवं राशन डीलर को मौके पर बुलवाकर जानकारी ली। इस पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा प्रवर्तन निरीक्षक को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए। निर्देशों पर प्रवर्तन निरीक्षक ने हाथों-हाथ जन आधार कार्ड में महिला की पुत्री का मोबाईल नम्बर लिंक करवाया। इसके बाद ओ.टी.पी के माध्यम से पोस मशीन से राशन सामग्री का ट्रांजेक्शन करवाया। अंत में सम्बन्धित राशन डीलर से मौके पर राशन सामग्री मंगवाकर हाथों-हाथ वृद्धा को दिलवाई भी गई। साथ ही सम्बन्धित राशन डीलर को निर्देशित किया गया कि प्रतिमाह इस महिला को इसके घर पर राशन सामग्री पहुंचाई जाए।

इस प्रकार जिस काम के लिए वृद्धा एक वर्ष से भी अधिक समय से इधर-उधर चक्कर काट रही थी, वह काम इस प्रकार से मौके पर हो गया। राशन सामग्री मिल जाने से वृद्धा का चेहरा खिल उठा एवं अत्यन्न प्रसन्नता जाहिर कर उपस्थित सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

## आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** नाबालिग का अपहरण कर उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी झल्लारा निवासी जगदीश पुत्र कचरा पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि गत 1 जून को आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले गया था जिसके बाद घर लौटने पर दूसरे दिन उसने विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया। तबियत खराब होने पर उसे उपचारके लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। इस पर पुलिस ने मृग की कार्यवाही की थी। इस मामले में की गई पूछताछ में आरोपी द्वारा प्रताड़ित करने से पुत्री द्वारा जहर खा कर आत्महत्या कर ली थी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच झल्लारा थानाधिकारी रमेशचन्द्र कर रहे है।

## हमला कर नकदी लूटी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में बदमाशा बाइक सवार पर हमला कर नकदी लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित प्रभूलाल पत्रु भूरीलाल नागदा निवासी देबारी प्रतापनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 6 जून सांय मैं बाइक लेकर आम्बूआ फला से उमरड़ा की तरफ जा रहा था। जहां बीच रासते अम्बूआ फला पुलिया के समीप मिले अर्जुनसिंह व जितेन्द्रसिंह ने पत्थर व तलवार से हमला कर घायल कर दिया। इस दौरान आरोपी मोबाईल तोड़ दिया तथा जेब से 5 हजार रूपये नकदी लूट ले गए।

## युवक की अकाल मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थानाक्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्रापमत जानकारी के अनुसार बुधवार सवेरे सेक्टर 9 निवासी शुभव रस्तौगी (32) पुत्र अरविंद की अकाल मौत हो गई। शुभव व उसकी पत्नी दोनों बुधवार सवेरे जयपुर से लौटे थे। जहां अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

## नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गजेन्द्र कुमार जोशी पुत्र नारायणदत्त निवासी बिजासन नगर रूपसागर रोड सुखेर ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि गत दिनों मैं पारिवारिक काम से अजमेर गया था। दो दिन बाद लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने की चेन, चांदी की पायल, बिछीयां तथा 80 हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के धानमण्डी थाना पुलिस ने पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ पीडिता के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मावली पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल दिनेश कुमार पुत्र चिराग बैरवा निवासी पाउसड़ा धारेसरा राजगढ अलवर निवासी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि दो वर्ष पूर्व परिचय होने से आना जाना लगा रहता था। 26 मई को आरोपी ने फोन कर पूछताछ की तो मैने उसे घर पर अकेली होना बताया।

**विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय**
**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर**
क्र. सा.वि.मा.म/स्टोर/निविदा/2023/238 दिनांक 07.06.2023
**निविदा सूचना**
महाविद्यालय के वाहन स्टेण्ड संचालन हेतु सत्र 2023-24 हेतु मोहर बंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण के लिए महाविद्यालय सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mlsu.ac.in का अवलोकन करें। अधिष्ठाता

राजस्थान सरकार
**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमन्द खण्ड-प्रथम**
खनिज भवन, आर.के. राजकीय चिकित्सालय के सामने, बाईपास रोड़, राजसमन्द
दूरभाष व फैक्स-02952-220190, Email: me.rajsamand1@rajasthan.gov.in
**आम सूचना नोटिस**
राजस्व ग्राम झांझर तहसील व जिला राजसमन्द में खनिज मार्बल के खनन पट्टा 36/1999 मैसर्स मॉ परमेश्वरी मार्बल प्रो. श्री नानालाल देवड़ा पुत्र श्री हरिशचन्द्र देवड़ा निवासी केलवा, तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) के पक्ष मे स्वीकृत है। चूंकि प्रोपराईटर श्री नानालाल देवड़ा पुत्र श्री हरिशचन्द्र देवड़ा निवासी केलवा, तहसील व जिला राजसमन्द (राज.) का स्वर्गवास दिनांक 1.02.2022 को हो जाने से उनके स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती टम्मूदेवी के पक्ष में नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/परेशानी/एतराज हो तो 15 दिवस में उपर अंकित पते पर लिखित में आपत्ति दर्ज करावें।
आज्ञा से
(लक्ष्मीनारायण) खनि अभियन्ता, राजसमंद खण्ड प्रथम

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**
सं./न.पा.नाथ/90क/23/24298 दिनांक: 5/6/2023
**लोक - सूचना**
श्रीमति अंजना जैन पति श्री अनिल कुमार जैन निवासी आरटीडीसी रोड लालबाग, नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | भलावतों का खेड़ा | 756/336 | कुल रकबा 0.0411 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 5/6/2023 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगर पालिका नाथद्वारा

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**
सं./न.पा.नाथ/90क/23/24295 दिनांक: 5/6/2023
**लोक - सूचना**
श्रीमति भगवती देवी पति श्री कन्हैयालाल श्रीमाली निवासी तहसील रोड, नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर - कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथद्वारा | 1325 | कुल रकबा 0.0462 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 5/6/2023 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय उप निदेशक, महिला अधिकारिता उदयपुर**
क्रमांक : एफ ( )मअ / MSSK/2023-24/789-90 दिनांक : 07.06.2023
**-: विज्ञप्ति :-**
निदेशालय महिला अधिकारिता, जयपुर के पंत्रांक 3251 दिनांक 03.05.2023 के क्रम में जिले के 9 पुलिस सर्किल/थाना हिरणमगरी, नाई, वल्लभनगर, मावली जंक्शन, झाडोल, कोटडा, सलूम्बर, ऋषभदेव एवं सराडा में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों की स्थापना हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 16.06.2023 सांय 6 बजे तक कार्यालय उपनिदेशक, महिला अधिकारिता, कक्ष संख्या 402, न्यू बिल्डिंग, कलेक्ट्रट परिसर, उदयपुर में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये विभागीय वेबसाईट WWW.WCd.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।
उप निदेशक
महिला अधिकारिता, उदयपुर

# डॉ. किरोड़ी मीणा ने ईडी के दफ्तर जाकर घोटाले के सबूत सौंपने का दावा किया

## डॉ. मीणा ने आई.टी. विभाग में 5000 करोड़ रुपये के गबन का आरोप लगाया

**जयपुर**। राजस्थान से राज्यसभा सांसद डॉ.किरोड़ीलाल मीणा ने बुधवार को ईडी दफ्तर पहुंचकर राजस्थान में 5000 करोड़ रुपए के नए घोटाले के सबूत पेश करने का दावा किया है। उन्होंने हाल ही डीओआईटी के ऑफिस की अलमारी से मिली करोड़ों रुपए की नकदी को लेकर सबूत भी सौंपे। सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के दफ्तर में सवा 2.31 करोड़ की नकदी और सोने की ईंट मिलने के बाद गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गई है। भाजपा ने सरकार पर हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने राज्य सरकार के आईटी डिपार्टमेंट में 5000 करोड़ रुपए के गबन का आरोप लगाया है। बुधवार को डॉ. मीणा जयपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। करीब 20 से 25 मिनट तक ईडी के जॉइंट डायरेक्टर के साथ चर्चा की। बाद में मीडिया से बात करते हुए डॉ. मीणा ने दावा किया कि उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ इंफोर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (डीओआईटी) में हुए 5 हजार करोड़ रुपए के गबन से सबूत ईडी को सौंपे हैं। साथ ही कार्रवाई की मांग की है।



राज्यसभा सांसद डॉ.किरोड़ीलाल मीणा बुधवार को ईडी दफ्तर पहुंचे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को डॉ. किरोड़ीलाल ने सीधे निशाने पर लिया है। सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग मुख्यमंत्री के पास है। डॉ. मीणा ने इस डिपार्टमेंट में हजारों करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप लगाए हैं। डॉ. मीणा ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत के रिश्तेदार 3500 करोड़ रुपए के घोटाले में हिस्सेदार रहे हैं जो कि राजकॉम कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। यही रिश्तेदार सीएमओ और सीएमआर में काम भी देखते हैं। डॉ. मीणा के मुताबिक आईटी का काम राजेश सैनी देखते हैं। सारे बिल राजेश सैनी की बेटी रुचि सैनी के नाम से उठते हैं। इन सबके सबूत ईडी के जॉइंट डायरेक्टर को सौंप दिए गए हैं।

> ■ 'सीएम अशोक गहलोत के रिश्तेदार 3500 करोड़ रुपए के घोटाले में हिस्सेदार रहे है जो कि राजकॉम कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है'

डॉ. मीणा ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ इंफोर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी में पिछले साढ़े चार साल से घोटाले हो रहे हैं। हजारों करोड़ रुपए के घोटालों की शिकायत तीन साल पहले एसीबी को मिली थी। एसीबी के तत्कालीन डीजी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र भेजकर 17 ए के तहत जांच की अनुमति मांगी थी लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा जांच की अनुमति नहीं दी गई। इस संबंध में परिवादी ने राजस्थान हाईकोर्ट में भी परिवाद दर्ज कराया था। आज ईडी के अधिकारियों को एसीबी द्वारा सरकार को लिखे गए पत्र और हाईकोर्ट में दर्ज कराए गए परिवाद की प्रतिलिपि भी दी गई है। ईडी में यह परिवाद जितेन्द्र सिंह के नाम से दर्ज कराया गया है।

## 'बाहर से दवा मंगवाने और जांच करवाने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए'

**जयपुर**। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने निर्देश दिए हैं कि फील्ड से यह शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए कि कोई चिकित्सक मरीज से बाहर से दवा मंगवा रहे हैं या बाहर से जांच करवा रहे हैं। सिंह बुधवार को स्वास्थ्य भवन में सभी संयुक्त निदेशकों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा डिप्टी सीएमएचओ से फीडबैक प्राप्त करने के लिए आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि सरकार के संस्थानों में पर्याप्त दवाइयां और जांचें उपलब्ध है, जो सभी प्रदेशवासियों के लिए पूर्णत: नि:शुल्क है। ऐसे में मरीज से बाहर से दवा मंगवाने एवं बाहर से जांच करवाने का कोई औचित्य नहीं है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

> ■ अगर कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी : शुभ्रा सिंह

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों में जनता के हितों से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार के लिए आरएमआरएस फंड का सदुपयोग करें, ताकि संस्थानों की व्यवस्थाएं सुचारू एवं दुरूस्त रहें। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर डीएमएफटी फंड का इस्तेमाल चिकित्सा संस्थानों के विस्तार के लिए किया जाए। उन्होंने नवसृजित जिलों में चिकित्सा संस्थानों के लिए यथाशीघ्र भूमि चिन्हित करवाकर भूमि आवंटन की प्रक्रिया को पूरा करवाने के निर्देश संबंधितों को दिए। सिंह ने कहा कि प्रदेश के 101 संस्थानों को भारत सरकार से गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है, लेकिन यह आंकड़ा हमारे प्रदेश के लिए नाकाफी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने जिलों में टीमवर्क करते हुए इस 101 के आंकडे को इस वर्ष बढ़ाकर 1000 करवायें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के कोई भी अधिकारी न तो किसी कार्मिक को डेप्यूटेशन पर लगाये और न ही समायोजन करें।

## बाहर के अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकार करने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह प्रदेश से बाहर मूल निवास करने वाले अभ्यर्थियों को लैब टेक्नीशियन और असिस्टेंट रेडियोग्राफर भर्ती प्रक्रिया में शामिल करे। अदालत ने कहा कि संबंधित प्राधिकारी अदालत के इस आदेश को वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के साथ ही दैनिक समाचार पत्रों में भी इस बारे में सूचना प्रसारित करे। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट में अलग से याचिका पेश करने की भी जरूरत नहीं है। वहीं अदालत ने मामले में राज्य सरकार और राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल और अवकाशकालीन न्यायाधीश आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश प्रीति व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हिमांशु जैन ने अदालत को बताया कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल ने गत 16 फरवरी को नियमों में संशोधन कर प्रावधान कर दिया कि राजस्थान का मूल निवासी ही कौंसिल में पंजीकृत हो सकता है। इस प्रावधान को अन्य याचिका में चुनौती दी हुई है।

## समुदाय विशेष के लोगों ने माणक चौक थाने पर प्रदर्शन किया



राजधानी के माणक चौक इलाके के जौहरी बाजार में एक रैली के दौरान समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने और हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के लेकर बुधवार को थाने पर प्रदर्शन किया गया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के माणक चौक इलाके के जौहरी बाजार में एक रैली के दौरान समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने और हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के लेकर बुधवार को थाने पर प्रदर्शन किया गया। दौरान आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

जालूपुरा निवासी रफीक खान ने माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि दो-तीन दिन पहले करणी सेना की रैली निकली थी। जिसमें कुछ लोग समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने के साथ हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा इस कृत्य से सम्प्रदायिक सदभाव खराब होता है। इस संबंध में विधायकपुरी थाने में भी एक मामला दर्ज कराया गया। वहीं हथियार लहराने का वीडियो जौहरी बाजार का होने के कारण इस संबंध में रिपोर्ट माणक चौक थाने में दी गई है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले इस घटना के विरोध में काफी संख्या में समुदाय विशेष के लोग माणक चौक थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तार की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

# गहलोत कहें कि मैं मुख्यमंत्री का दावेदार नहीं हूं, कल ही नक्शा पलट जाएगा : भरतसिंह

**जयपुर**, (का.प्र)। कांग्रेस विधायक भरत सिंह ने कहा कि मेरे सुझाव पर चलेंगे तो सरकार रिपीट होगी। मेरा मानना है कि गहलोतजी खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मंच पर आएं और कहें कि मैं मुख्यमंत्री का दावेदार नहीं हूं, नए लोगों को आगे करूंगा, कल ही नक्शा पलट जाएगा, लेकिन सत्ता का मोह छूटे तब है। प्रदेश कांग्रेस के वार रूम में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से मिलकर आने के बाद पार्टी के वरिष्ठ विधायक भरत सिंह ने मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री को अपने बेटे को विधायक बनाना चाहिए, लेकिन यह माया है, माया छूटती नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी ने सलाह नहीं दी कि चुनाव मत लड़ो, यह बात खुद ही बोल रहे हैं। भरत सिंह ने कहा कि वो चाहते हैं कि चुनाव में अब युवाओं को आगे आने दिया जाए। मुख्यमंत्री गहलोत भी अपने बेटे को आगे करें, विधायक बनाएं, लेकिन नए लोगों को आगे आने दें। अगर इस सुझाव पर चलेंगे तो सरकार रिपीट होगी।

हालांकि भरतसिंह के बयान में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बड़ी उम्र वालों को तो अपने आप ही त्याग देना चाहिए, कहने की तो जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए। नेताओं को आप ही माइलस्टोन बनना चाहिए। वैसे कट ऑफ एज पॉलिटिक्स में नहीं हो सकती। रंधावा ने कहा कि यूथ को हमारी पार्टी साथ लेकर चलती है और धीरे-धीरे उनको आगे भी करती है।

> ■ रंधावा बोले, ''बड़ी उम्र वालों को अपने आप ही मोह त्याग देना चाहिए, माइलस्टोन बनना चाहिए, वैसे कट ऑफ एज पॉलिटिक्स में नहीं हो सकती
>
> ■ उधर मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंगलवार देर रात तक ईडी की कार्रवाई को लेकर होती रही चर्चा, विरोध को लेकर अभी एकमत नहीं मंत्री

इससे पहले बुधवार को जयपुर नगर निगम हेरिटेज के पार्षद भी प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से मिले और उन्हें अभी तक ढाई साल से ज्यादा कार्यकाल होने के बावजूद निगम में समितियां गठित नहीं होने पर अपनी नाराजगी से अवगत कराया। वही प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मंत्री-विधायक भी मिले और मुख्य रूप से आरक्षण की सीमा बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव दिए। मीडिया से बात करते हुए राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि पहले न्यायालय की एक सीमा थी, इस कारण आरक्षण का दायरा नहीं बढ़ सकता था, लेकिन अब वह दायरा बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि कई राज्यों में न्यायालय ने छूट दी है। इसलिए यहां भी जिस तरह से ओबीसी के आरक्षण की सीमा 21 से बढ़ाकर 27 करने की मांग उठ रही है, उस पर भी मुख्यमंत्री हम से चर्चा कर रहे हैं और जल्द ही इसका कोई समाधान हो सकता है।

इससे पहले बुधवार रात को राजस्थान में मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मंत्रियों के साथ देर रात तक चर्चा की। करीब 3 घंटे तक रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हर मंत्री से वन टू वन चर्चा की। इस बैठक में मंत्रियों से उनकी चुनावी स्ट्रैटजी के अलावा महंगाई राहत कैंपों के असर के साथ प्रदेश में जारी ईडी की कार्रवाई पर विस्तार से बातचीत हुई।

## चार करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**। प्रदेश में बुधवार को चार नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच एक मरीज ठीक भी हुआ है। राज्य में फिलहाल 16 एक्टिव केस मौजूद है।

## मूंग उत्पादकों से भेदभाव कर रही सरकार : जाट

**जयपुर** (कासं)। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने केंद्र सरकार पर मूंग उत्पादक किसानों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की लागत के अनुसार मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 10,720 रुपए प्रति क्विंटल होना चाहिए था लेकिन इस वर्ष इसे 8,558 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में मूंग पर 803 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है, जो इस वर्ष की अन्य उपजों की तुलना में सबसे अधिक है। इस बढ़ोतरी का लाभ किसानों को तभी प्राप्त हो सकता है,जब मूंग के दाने-दाने की खरीद गेहूं और धान की तरह हो। वर्तमान में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूंग के कुल उत्पादन में से 75 फीसदी उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य की परिधि से बाहर है। इस योजना के तहत मूंग के कुल उत्पादन में से 25 फीसदी से अधिक की खरीद प्रतिबंधित है।

# वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को प्रधानमंत्री मोदी की लीडरशिप में पूरी दुनिया ने देखा : सतीश पूनिया

**तजाकिस्तान/जयपुर**। तजाकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में 'एविसेना ताजिक स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी' के दीक्षांत समारोह में प्रवासी भारतीय व राजस्थानी स्टूडेंटस को विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित किया। संबोधन में डॉ. पूनिया ने कहा कि, भारत से आया हूं और भारत के उस प्रदेश से आता हूं जिसके बारे में कहा जाता है कि जीवन जहां उत्सव है वह राजस्थान है। इसलिये बहुत सारे स्टूडेंटस जो यहां राजस्थान से पढ़ने के लिये आये हैं और आज से ही नहीं, बहुत लंबे अरसे से आते हैं। एविसेना ताजिक स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी को बहुत धन्यवाद देता हूं कि राजस्थान के स्टूडेंटस को डॉक्टर बनने का अवसर दिया। भारत जी-20 की लीडरशिप कर रहा है और इस जी-20 के दौरान भारत ने जो स्लोगन दिया है, जैसा आपने कहीं पढ़ा होगा कि हम सब लोग भरोसा करते हैं, वसुधैव कुटुम्बकम और इस वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को विश्व के लोकप्रिय एवं मजबूत नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लीडरशिप में पूरी दुनिया ने देखा।

> ■ तजाकिस्तान में मेडिकल स्टूडेंटस के साथ उपनेता प्रतिपक्ष का संवाद

कोविड जैसी भीषण महामारी में भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर वैक्सीनेशन महाभियान से 220 करोड़ डबल डोज वैक्सीनेशन सुनिश्चित कर केवल अपने देश के लोगों को नहीं बचाया, बल्कि दुनिया के 25 देशों को फ्री वैक्सीन सप्लाई करके वसुधैव कुटुम्बकम की और 'वन अर्थ-वन फैमिली एवं वन फ्यूचर' की भावना को जिंदा रखा है। डॉ. हर्षवर्धन को इस बात के लिये धन्यवाद देता हूं कि मुझे मेरे भारत और राजस्थान के विद्यार्थियों के बीच में आने का अवसर दिया। आप सबको यह सौभाग्य से मानवता की सेवा के लिये डॉक्टरी के पेशे को अपनाने का अवसर मिला। इसलिये डॉक्टर्स के बारे में कहा जाता है कि जब कोई मरीज की जिंदगी बचती है तो लोग कहते हैं यह भगवान हैं। लेकिन उसमें भी विरोधाभास है कि आपका एटीट्ययूड, आपका बिहेवियर मरीज के प्रति और समाज के प्रति सकारात्मक और उत्तरदायी हो। लोगों ने 100 साल बाद आई कोरोना महामारी में देखा कि पूरी पैनडेमिक से लड़ने के लिये जो फ्रंट वॉरियर्स थे वह डॉक्टर्स, नर्सेज और कम्पाउंडर्स थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को बचाने के लिये अपनी जी जान लगा दी।

## जयपुर में स्मैक बेचने वाले दो तस्कर दबोचे

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की सी.एस.टी. टीम ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर और श्याम नगर थाना इलाके में दो बदमाशों को स्मैक की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से स्मैक और स्मैक से कमाई हुई नगदी बरामद की।

एडिशनल डीसीपी क्राइम सुलेश चौधरी ने बताया कि शहर में स्मैक की सप्लाई करने वाले दो बदमाशों की जानकारी सीएसटी की टीम को लगी। इस टीम के द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर और श्याम नगर थाना इलाके में ऑपरेशन के लिए टीम भेजी गई। टीम ने थाना ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर दानिश कुरेशी उर्फ अनीस को गिरफ्तार कर कब्जे से 1.20 ग्राम स्मैक बरामद की। वहीं, श्याम नगर में अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर दिनेश वैष्णव को गिरफ्तार कर कब्जे से 1.93 ग्राम स्मैक बरामद की। ये बदमाश अवैध मादक स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर शहर व आसपास रहने स्कूल कॉलेज के छात्रों को यह सप्लाई किया करते थे। गिरफ्तारी आरोपित दानिश कुरेशी उर्फ अनीस पुत्र मोहम्मद सलीम मूलत: आमागढ़ जयपुर का निवासी है। आरोपी स्वयं स्मैक पीने का आदि है। आरोपी अवैध मादक पदार्थ स्मैक अपने बड़े भाई शकीर से मंगवाने के लिये 6000 रुपये नकद दिया था। आरोपी अपने भाई से एक बार 2-3 ग्राम स्मैक मंगवाता है, जिसमें से कुछ स्वयं के पीने के लिये रखता है और शेष स्मैक को अपना खर्चा चलाने के लिये पुडिया बनाकर आस-पास के ग्राहकों को बेच देता है।आरोपी दानिश कुरेशी उर्फ अनीस का बड़ा भाई शाकिर खो नागोरियान क्षेत्र में किराये के मकान में निवास करता है और वहा पर घूम फिर कर स्मैक बेचता है।आरोपी दिनेश वैष्णव पुत्र नाथूलाल मूलत: दूदू जयपुर ग्रामीण का निवासी है आरोपी अवैध मादक पदार्थ स्मैक जयपुर से ही अज्ञात व्यक्ति से खरीदना बताया और अपनी बाइक से घूम-घूम कर सप्लाई करना बताया।

> ■ स्पेशल पुलिस टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर और श्याम नगर में की कार्रवाई

## मंत्रालयिक एकता मंच की सरकार को चेतावनी

### सरकार मंत्रालयिक महासंघ से वार्ता करे अन्यथा एकता मंच भी करेगा हड़ताल

**जयपुर** (कासं)। मंत्रालयिक एकता मंच ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि वह आंदोलनरत मंत्रालयिक महासंघ से शीघ्र वार्ता करे अन्यथा एकता मंच भी हड़ताल करेगा।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि राजस्थान में मंत्रालयिक कर्मचारियों के आंदोलन की सरकार द्वारा उपेक्षा किए जाने के कारण आज मंत्रालयिक एकता मंच की आपात बैठक आयोजित की गई ।

कोर कमेटी सदस्य राजेश पारीक ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि कोई भी स्थिति हो मंत्रालयिक कर्मचारियों का दमन नहीं करने दिया जाएगा। भले ही हम अलग-अलग बैनर और मांग पत्र पर लड़ रहे हैं, पर प्रदेश का कर्मचारी एक है। यह अलग बात है कि मंत्रालयिक महासंघ द्वारा अलग से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रालयिक एकता मंच सरकार को चेतावनी देता है कि मंत्रालयिक महासंघ से शीघ्र वार्ता करें अन्यथा एकता मंच द्वारा भी हड़ताल का आव्हान किया जाएगा।

> ■ शहीद स्मारक पर मंत्रालयिककर्मियों का 85वें दिन भी क्रमिक अनशन जारी रहा
>
> ■ कोर कमेटी सदस्य राजेश पारीक ने कहा कि कोई भी स्थिति हो, लेकिन मंत्रालयिककर्मियों का दमन नहीं करने दिया जाएगा

उधर, मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से शहीद स्मारक पर 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में बुधवार को 85 वे दिन क्रमिक अनशन जारी रहा। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के रवि शंकर भट्ट के नेतृत्व में राजेंद्र वर्मा, जगदीश प्रसाद वर्मा, राम प्रकाश मीणा, रेवड़ मल मीणा एवं धर्मेन्द्र सैन भी क्रमिक अनशन पर बैठे रहे।

# एक लाख से ज्यादा किसानों की बदहाली कांग्रेस को ले डूबेगी : राजेंद्र राठौड़

## 'ईडी जांच की आंच से बौखलाई कांग्रेस, सरकारी एंजेंसी के खिलाफ प्रदर्शन वाला गहलोत का बयान शर्मनाक'

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान कर्ज माफी मामले पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि गहलोत सरकार ने किसानों के वोट बटोरकर उनके साथ धोखा किया है। राष्ट्रीयकृत और अनुसूचित बैंकों से करीब 6 लाख किसानों ने लोन लिया था, उनका एक पैसा भी माफ नहीं हुआ। गहलोत सरकार ने किसानों के साथ वन टाईम सेटलमेंट का वादा किया था, लेकिन विधानसभा में सरकार ने जवाब दिया कि प्रदेश में 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीनें नीलाम हुई हैं। इसके अलावा एक लाख तेरह हजार किसानों के खाते एनपीए हो चुके हैं, जिनकी जल्द ही जमीनें नीलाम होने वाली हैं। कर्ज से तंग आकर प्रदेश में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं, अन्नदाताओं की यह बदहाली कांग्रेस सरकार को ले डूबेगी।

पेपर लीक सहित भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन करने के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि ईडी ने प्रारंभिक जांच में तथ्यात्मक रूप से यह पाया है कि प्रदेश में ब्लेक मनी का प्रसार हुआ है, ब्लेकमेलिंग के इस खेल में पेपर माफिया सक्रिय है। आरपीएससी मेंबर बाबूलाल कटारा से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि डेढ़ करोड़ रूपए देकर आरपीएससी में सदस्य बनाया गया है। सरकार की सरपरस्ती के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और इन सभी मामलों के तार सरकार से जुड़े हैं।

> ■ 'राजीव गांधी स्टडी सर्किल सेंटर को रीट पेपर कराने का जिम्मा देना साफ दर्शाता है कि खुद सरकार पेपर लीक कांड में मुख्य आरोपी है'

रीट पेपर लीक मामले में गहलोत सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि राजीव गांधी स्टडी सर्किल सेंटर को रीट पेपर कराने का जिम्मा देना साफ दर्शाता है कि खुद सरकार पेपर लीक कांड में मुख्य आरोपी है। इस दौरान उन्होने यह भी कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन धर्मपाल जारोली पूर्व में बयान दे चुके कि मुझे बली का बकरा बनाया जा रहा है, मुख्य आरोपियों को बचाया जा रहा है। सरकार द्वारा मनोनीत आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा खुद स्ट्रांग रूम से पेपर आऊट कराते हैं। इस काम में उनके साथ उनके रिश्तेदार तक शामिल पाए गये हैं।

पेपर लीक मामले में फरार आरोपी भूपेंन्द्र सारण का हवाला देते हुए राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की सरकार में मंत्रियों के सोशल मीडिया अकाउंट माफिया लोग चला रहे हैं। बिना सरकार की सरपरस्ती के किसी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर इस तरह कार्यालय से कैसे निकाला जा सकता है, सरकार की भूमिका संदिग्ध होने की वजह से ये लोग ईडी की जांच से बौखलाए हुए हैं। जैसे जांच आगे बढ़ेगी ऐसे सभी लोग जिन्होंने नौकरी की गारंटी देने के नाम से कोचिंग सेंटर खोलकर बैच बनाए हुए थे, इन सभी पर जांच की आग जरूर आएगी।

## जयपुर डेयरी ने लॉन्च की 'सरस आईसक्रीम'

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरैशन की प्रशासक और प्रबंधक संचालक सुषमा अरोडा ने जयपुर डेयरी द्वारा उत्पादित सरस आईसक्रीम को लांच करते हुए कहा कि सरस की गुणवत्ता ही उसकी पहचान है और सहकारी डेयरियों को प्रतिस्पर्धा के इस युग में सरस उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को भी उत्पाद खरीदते समय उसकी कीमत और गुणवत्ता का आंकलन अवश्य करना चाहिए।

इस सबको ध्यान में रखते हुए जयपुर डेयरी द्वारा सरस ब्रांण्ड की उच्च गुणवत्तायुक्त क्रीम वेस्ड आइसक्रीम अपेक्षाकृत बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## प्रदेश में खाद्य पदार्थों के 817 सैंपल लिए

**जयपुर**। 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा ने मिलावट की पहचान करने के लिए विशेष अभियान चलाकर एक ही दिन अब तक सर्वाधिक 817 नमूने एकत्र किए।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिव प्रसाद नकाते के निर्देशन में की गई यह कार्रवाई प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी है, जब एक ही दिन में खाद्य पदार्थों के इतनी बड़ी मात्रा में नमूने लिए गये हो।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण ने बताया की शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष अभियान के तहत दूध एवं दूध से निर्मित एवं बेवरेजेस जैसे कोल्ड ड्रिंक इत्यादि के प्रदेश भर में कुल 817 सैंपल लिए गए।

उन्होंने बताया कि मिलावटखोरी को रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में जहां खाद्य पदार्थों के 6439, 2022 में 14029, एक जनवरी से 31 मई 2023 तक 11066 नमूने लिए गए। वही बुधवार को एक ही दिन में 817 नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में 99651 तथा 2022 में लगभग दुगने 187570 लाइसेंस एवम् रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा किए गए। इसी प्रकार वर्ष 2021 में 1.18 करोड़ एवं वर्ष 2022 में 8.34 करोड़ की शास्ती मिलावटखोरों से विभाग ने वसूली।

मुखबिर योजना में मिलावट की सूचना देने वालों को 51 हजार रुपए तक का इनाम सरकार द्वारा दिया जाता है।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की मिलावट की सूचना 181 पर काल करके या ज़िला कलेक्टर को दे।

